मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-263
27/06/2022

मुख्यमंत्री ने वैशाली जिला के वलहा वसंता में गंडक नदी के किनारे कटाव निरोधी कार्यों का किया निरीक्षण

पटना, 27 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वैशाली जिला के लालगंज प्रखंड के वलहा वसंता में गंडक नदी के किनारे कटाव निरोधी कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि गंडक नदी के किनारे कटाव की शिकायत मिलने पर जल संसाधन विभाग द्वारा कटाव निरोधक कार्य कराया गया है ताकि आसपास के गांवों को बाढ़ से बचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने गंडक नदी के किनारे कटाव निरोधक कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने गंडक नदी के दूसरी तरफ सिल्ट जमा होने के कारण नदी की चौड़ाई कम होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नदी की चौड़ाई एवं गहराई को बढ़ाने के लिए नदी के दूसरे छोर पर सिल्ट कटिंग का कार्य करायें ताकि नदी की चौड़ाई बढ़े और कटाव नहीं हो। उन्होंने कहा कि नदी के दूसरे छोर की चौड़ाई और गहराई को और बढ़ाएं, इससे तटबंध पर जल प्रवाह का दबाव कम होगा और तटबंध सुरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दौरान आसपास के गॉवों के लोगों को सजग एवं जागरूक रखें।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, विधायक श्री सिद्धार्थ पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, जल संसाधान विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंतागण मौजूद थे।

******